संघ का लक्ष्य केवल राष्ट्र निर्माण : स्वप्निल कुलकर्णी

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 3 फरवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को भिंड नगर के गीतांजलि गार्डन, बद्री प्रसाद की बगिया में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी ने नगर के प्रमुख नागरिकों से संवाद किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वप्निल कुलकर्णी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं है, बल्कि भारतीय समाज के प्रत्येक व्यक्ति में वैचारिक, नैतिक और सांस्कृतिक संस्कारों का विकास कर देश को परम वैभव की ओर ले जाना है। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी और इसका मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना रहा है।

संस्कार, संस्कृति और अनुशासन पर जोर : उन्होंने कहा कि संघ समाज में अनुशासन, संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय भावना का विकास करता है, ताकि भारत सामाजिक रूप से सशक्त बन सके। प्रमुख जन गोष्ठी का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट और सामर्थ्यवान बनाना, भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत के प्रति गर्व की भावना जागृत करना तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ हिंदुत्व को किसी राजनीतिक अवधारणा के रूप में नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में देखता है। समाज में पिछड़े वर्गों की सहायता कर भेदभाव मिटाना और सामाजिक समरसता स्थापित करना संघ का प्रमुख उद्देश्य है।

सेवा कार्यों के माध्यम से समाज निर्माण : स्वप्निल कुलकर्णी ने संघ के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, सामाजिक सेवा और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में संघ स्वयंसेवकों के माध्यम से निरंतर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि जब व्यक्ति और समाज मजबूत होगा, तभी राष्ट्र विश्व मंच पर उच्च स्थान प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने समाज की सज्जन शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग अपने धन और समय का उपयोग समाज सेवा में कर रहे हैं, उनसे प्रेरणा लेकर सभी को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ स्वयं कुछ नहीं करता, बल्कि स्वयंसेवक ही समाज के लिए कार्य करते हैं। संघ का कार्य स्वयंसेवक निर्माण करना है।

पंच परिवर्तन से जनजागरण : उन्होंने बताया कि संघ समाज में जनजागरण के लिए पंच परिवर्तन के माध्यम से निरंतर कार्य कर रहा है। इनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक अनुशासन एवं कर्तव्य और स्व- का बोध जैसे विषय शामिल हैं।

कार्यक्रम में महेंद्र शर्मा (विभाग संघचालक) एवं डॉ. हिमांशु बंसल (नगर संघचालक) मंचासीन रहे। गोष्ठी में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

> **जातिवाद धर्म के मूल तत्वों के विरुद्ध**
>
> अपने संबोधन में उन्होंने उपनिषदों और गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव करना धर्म के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। जातिवाद ने समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, इसलिए इन संकीर्णताओं से ऊपर उठकर देशहित में सोचना होगा। उन्होंने 'एकं सत् विप्रा बहुधा वदंति' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विचारों की स्वतंत्रता और पारस्परिक सम्मान की परंपरा को मानती है।

भिंड में बदला मौसम का मिजाज, सुबह से हल्की बूंदाबांदी, ठंड में बढ़ी नमी

भिंड, 3 फरवरी। जिले में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सोमवार रात से ही आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहा और मंगलवार सुबह होते ही जिले के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से उठे बादलों का असर भिंड सहित आसपास के जिलों में देखने को मिला। सुबह के समय हल्की बारिश और बादलों की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ। खासकर सुबह-शाम ठंडी हवाओं और नमी के कारण ठिठुरन बढ़ गई। मौसम में आए इस बदलाव से जहां किसानों की चिंता बढ़ी है, वहीं आमजन ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

दिनभर छाए रहे बादल : मंगलवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। धूप निकलने के बादल और बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से आगामी 24 से 48 घंटे तक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

किसानों की बढ़ी चिंता : मौसम में आए इस बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिन क्षेत्रों में रबी फसलों की कटाई या सिंचाई का कार्य चल रहा है, वहां हल्की बारिश से नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं कुछ किसानों का मानना है कि सीमित बारिश से फसलों को लाभ भी मिल सकता है।

जनहित मांगों को लेकर जनहित पार्टी की 10 दिवसीय पदयात्रा शुरू

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 3 फरवरी। जनहित पार्टी द्वारा जनहित की मांगों और गोवंश संरक्षण के समर्थन में 10 दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ गुरुवार को चंबल पुल से किया गया। पदयात्रा की शुरुआत पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्व समाज के लोगों के साथ शांति यज्ञ के आयोजन के साथ हुई। इस

चंबल पुल से हुआ शुभारंभ

दौरान सुख-समृद्धि, सामाजिक समरसता, सद्भावना एवं गोवंश की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया।

जनहित पार्टी द्वारा आयोजित यह पदयात्रा 1 फरवरी से प्रारंभ होकर 11 फरवरी तक चलेगी। यात्रा का उद्देश्य जनहित की मांगों को लेकर जनजागरण करना और विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जोड़ना बताया गया है। पदयात्रा के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भगवा

ध्वज हाथों में लेकर करीब 20 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए आगे बढ़े।

गांव-गांव जनजागरण का प्रयास : पदयात्रा के दौरान सायंकाल भजन-कीर्तन, सत्संग और शांतिपाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है। यात्रा के तहत 1 फरवरी को अटेर विधानसभा क्षेत्र के फूप में रात्रि विश्राम, 2 फरवरी को भिंड, 3 फरवरी को बरोही और 4 फरवरी को मेहगांव में रात्रि विश्राम किया गया। इसके बाद यात्रा अन्य क्षेत्रों में होते हुए आगे बढ़ेगी।

20 फरवरी को ज्ञापन और प्रदर्शन : जनहित पार्टी ने ऐलान किया है कि 20 फरवरी को भिंड कलेक्टर को जनहित की मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया जाएगा। पार्टी का कहना है कि यह आंदोलन जनसहयोग से जिले के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगा, ताकि गोवंश संरक्षण और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर व्यापक जागरूकता लाई जा सके।

भिंड शहर से होकर गुजरी पदयात्रा : पदयात्रा भिंड शहर में इंदिरा चौक, परेड चौराहा, सदर बाजार, अहिंसा चौक, खंड रोड, अस्पताल रोड, नगर पालिका परिषद चौराहा, बस स्टैंड और लवन की पुलिया से होते हुए बरही की ओर बढ़ी।

मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। पदयात्रा में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री मनीष काले, जिला अध्यक्ष बालमुकुंद भदौरिया, अरविंद भदौरिया, वंशिका शर्मा, धर्मवीर भदौरिया, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन शामिल रहे।

> **सरकार को चेतावनी**
>
> पदयात्रा के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन ने अटेर विधानसभा क्षेत्र के फूप पहुंचकर पदयात्रा दल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनहित पार्टी का उद्देश्य सामाजिक सुधार, गोवंश संरक्षण और आमजन की समस्याओं का समाधान है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गोवंश के संरक्षण के लिए पर्याप्त गौशालाओं की व्यवस्था की जाए और गौहत्या रोकने के लिए सख्त कानून बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि गोवंश के प्रति लापरवाही तत्काल रोकी जानी चाहिए।

आधी रात को 7 डम्पर और रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 3 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर खनिज माफिया के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्वालियर एवं चंबल संभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा पंकज ध्वज मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त 7 डम्पर और ओवरलोड रेत से भरा 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया।

कार्रवाई तड़के सुबह 3:30 से 4:00 बजे के बीच की गई, जब ग्वालियर और गोहद की ओर से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उड़नदस्ता टीम ने गोहद क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहनों को रोका और जांच के दौरान वैध दस्तावेज न पाए जाने पर सभी वाहनों को जब्त कर लिया।

पुलिस थाना गोहद की अभिरक्षा में खड़े वाहन : जप्त किए गए सभी वाहनों को पुलिस थाना गोहद की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि वाहन बिना वैध रॉयल्टी और अनुमति के खनिज परिवहन कर रहे थे। प्रशासन द्वारा इसे सुनियोजित अवैध गतिविधि मानते हुए कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

खनिज नियम 2022 के तहत होगी कार्रवाई : खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जप्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम 2022 के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां से अर्थदंड एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई तय होगी।

टीम की अहम भूमिका : इस पूरी कार्रवाई में खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक अश्वनी कुमार मिश्रा सहित खनिज विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी सख्ती के साथ नजर रखी जा रही है और आगे भी इस तरह की आकस्मिक कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रशासन का सख्त संदेश : प्रशासन ने साफ किया है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज माफिया के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 79 आवेदकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 3 फरवरी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे 79 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कलेक्टर ने एक-एक आवेदन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेते हुए प्रकरणों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन समय-सीमा में निराकृत किए जाएं तथा संबंधित आवेदकों को की गई कार्यवाही की जानकारी भी अनिवार्य रूप से दी जाए।

इन मामलों पर दिए विशेष निर्देश : जनसुनवाई में गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज सहायता, विद्युत बिलों में सुधार, हैंडपंपों के संधारण, पेंशन प्रकरण, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाएं, बीपीएल राशन कार्ड तथा जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मामलों पर कलेक्टर ने विशेष ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ऐसे संवेदनशील प्रकरणों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। जिन मामलों में स्थल निरीक्षण की आवश्यकता है, वहां अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

> **अधिकारियों ने भी सुनीं समस्याएं**
>
> जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत भिण्ड एवं अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कई मामलों में मौके पर ही निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंत में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि आम नागरिकों को वास्तविक राहत मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है और इसमें प्राप्त आवेदनों का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

10 फीट ऊंचे शिवजी का दर्शन कराया

नवभारत न्यूज

मालनपुर, 3 फरवरी। मालनपुर के समीप स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में भगवान शिव जी दर्शन कराए गए, दर्शन पाकर भक्त भाव विभोर हो गए और ऐसा लगा जैसे स्वयं परमात्मा स्वयं प्रकट होकर शक्तियां प्रदान कर रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी संस्थान सन 1936 में स्थापित हुई, जिसको 2026 में 90 वर्ष पूरे होने जा रहे। इसी खुशी में 90 दिए जलाकर पूरे विश्व की सच्ची सुख शांति का आह्वान किया गया। इसी उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज की बहनों के द्वारा भस्मासुर नाटक दिखाकर यह भी बताया गया हमें अपनी शक्तियों पर घमंड नहीं करना चाहिए, परमात्मा के द्वारा मिले हुए वरदानों का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए और पराई स्त्री पर कभी गलत नजर नहीं डालना चाहिए, नहीं तो भस्मासुर की तरह हम स्वयं का ही अंत कर लेते हैं। संचालीका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी का स्वागत और अभिवादन एवं धन्यवाद तहे दिल से किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार आशीष भाई गिनीज बुक रिकॉर्ड होल्डर जो दातों से ट्रक, बस, पानी का जहाज खींच चुके हैं। उन्होंने भी अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सृष्टि बहन ने विधिपूर्वक किया। कार्यक्रम में सब्जी मंडी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव उपस्थित रहे, उन्होंने भी अपनी शुभकामनाएं दी और ब्रह्माकुमार महेश, योगेश, प्रसाद, सुनील, अनामिका, अंजलि, दीपा, जानवी, जानकी, शशि भी उपस्थित रहे। अंत में बानमोर सेवाकेंद्र की संचालीका ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी को परमात्मा का ध्यान कराया और एकाग्रता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में पधारे सभी भक्तजनों ने अपने जीवन को व्यसन मुक्ति और तनाव मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

आम सूचना

श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री मजबूत सिंह भदौरिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित मौहल्ला भदावर कॉलोनी, ग्राम भिण्ड, तहसील एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद भिण्ड वार्ड क्र .36 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 625 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-गली 12 फुट चौड़ी बाद भूखण्ड श्री विश्वनाथ सिंह भदौरिया, पश्चिम में-भवन श्री मुलायम सिंह, उत्तर में-भवन श्री बाबूराम शर्मा एवं दक्षिण में रास्ता 10 फुट चौड़ा बाद भवन श्री जयराज सिंह भदौरिया है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मेजर सिंह भदौरिया द्वारा श्री सतेन्द्र सिंह एवं श्री शिवबीर सिंह पुत्रगण श्री मजबूत सिंह भदौरिया को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र .2310 दिनांक 21.09. 1998 से विक्रय की गई। श्री शिवबीर सिंह भदौरिया द्वारा सम्पत्ति 625 वर्गफुट एरिया श्री प्रमोद कुमार सिंह भदौरिया पुत्र श्री मजबूत सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042902017ए1253254 दिनांक 18.05. 2017 से विक्रय की गई। इस प्रकार श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया शेष सम्पत्ति 625 वर्गफुट एरिया के मालिक हुये। श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पत्ति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

छिदी पंचायत में जागरूकता बैठक

भिंड, 3 फरवरी। क्षेत्र की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था स्व. विद्या देवी लल्ला प्रसाद झा शिक्षा प्रसार समाज सेवा समिति, लहार द्वारा 'ग्रामोदय से अभ्युदय' योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत छिदी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक रूप से किया गया, जिसके पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक समन्वयक सुनील चतुर्वेदी ने केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं और आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार रखें।

ग्रामीणों को जागरूक करने निकाली रैली : बैठक के पश्चात ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

विधायक ने प्रदूषण छोड़ रही कंपनियों का विस में उठाया मामला

नवभारत न्यूज

मालनपुर, 3 फरवरी। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित संचालित कारखाने द्वारा छोड़े जा रहे प्रदूषण का मामला गर्म है। गोहद विधायक केशव देसाई ने ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान में लेकर मामले को विधानसभा में

कंपनी पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम विधायक बोले कंपनियों के पानी से दूषित हो रहे जल स्रोत

लगाया है। मामला विधानसभा में लगने के बाद प्रशासन जागा और मंगलवार को गोहद स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ वासुदेव सिकारिया यहां स्थित एक बड़ी चॉकलेट फैक्ट्री पर टीम के साथ पहुंचे और कंपनी का निरीक्षण किया, इस दौरान विधायक देसाई कंपनी पर पहुंचे और कंपनी के आसपास बह रहे नालों का निरीक्षण किया इस दौरान कंपनी प्रबंधन भी मौजूद रहा और उनकी मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कंपनी के अंदर और बाहर के नालों से पानी के सैंपल लिए।

विधायक बोले मुझे डर है कहीं भागीरथ पुरा न बन जाए मालनपुर क्षेत्र : कंपनी पर निरीक्षण के दौरान पत्रकार वार्ता करते हुए विधायक श्री देसाई ने कहा कि अभी हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा है कि क्षेत्रीय लोगों की शिकायत ने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया है और मुझे डर है कि कहीं औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर भागीरथ पुरा न बन जाए, क्योंकि ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि कंपनियों का पानी नालों के माध्यम से पाना नाले में होते हुए गोहद बांध में जाता है कंपनियों का दूषित पानी गुरीखा गांव के तालाब में जाता है पूर्व में गोहद बांध और गुरीखा तालाब में दूषित पानी से मछलियां भी मर चुकी है। ग्रामीण लगातार बता रहा है कि कंपनियों के पानी से जल स्रोत भी दूषित हो चुके हैं जो चिंता का विषय है। विधायक श्री देसाई ने बताया कि मैंने मामले को विधानसभा में लगाया है अब देखते हैं प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

डॉक्टर बोले दूषित पानी से फैल सकती है बीमारी : कंपनी में निरीक्षण करने आए डॉक्टर वासुदेव सिकारिया ने बताया की कारखानों के दूषित पानी से दमा, एलर्जी, श्वास ,आंखों में जलन खुजली जैसी बीमारियां हो सकती है।

इनका कहना है...

कंपनी के अंदर और बाहर नालों में बह रहे पानी के सैंपल लिए हैं जांच के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी उसे आगे भेज दिया जाएगा।

- डॉक्टर वासुदेव सिकारिया, बीएमओ स्वास्थ्य केंद्र, गोहद

क्षेत्रीय लोगों की शिकायत मिल रही थी,प्रतिनिधि होने के नाते लोगों की समस्याओं को उठाना मेरा दायित्व है मैंने मामले को विधानसभा में लगाया है। आज स्वास्थ्य विभाग की टीम फैक्ट्री पर निरीक्षण आई है और दूषित पानी के सैंपल भरे हैं। फैक्ट्रीयों ने प्रदूषण छोड़ना बंद नहीं किया तो मुझे आंदोलन करना पड़े तो करूंगा।

- केशव देसाई, विधायक गोहद